की स्कीम के अन्तर्गत, पर्यावरण और वन मंत्रालय सहित वैज्ञानिक विभागों के सभी वैज्ञानिक पदों के लिए 2000-3500 रुपए और इसे बढ़ाकर 5900-7300 रुपए तक करने के लिए स्कीम शुरू करने के भारत सरकार ने आदेश जारी किए हैं । पर्यावरण और वन मंत्रालय में कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, वित्त मंत्रालय तथा विधि मंत्रालय से विचार-विमर्श कर इस स्कीम को अन्तिम रूप दे दिया है ।

पर्यावरण और वन मंत्रालय में "ग्रुप ए" के पदों की संख्या संवर्ग-वार नीचे दी जा रही है :-

वर्ग	पदों की संख्या
आई० एफ० एस०	155
वैज्ञानिक	567
प्रशासनिक	57

भारत के तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिये आये विदेशियों को सुविधाओं का प्रदान किया जाना

2702. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों के दौरान विदेश के कितने लोगों ने भारत के तीर्थस्थलों के दर्शन करने तथा अन्य सुविधायें प्राप्त करने के लिए भारतीय दूतावासों/उच्च आयोगों से सम्पर्क किया, कितों को यह सुविधान प्रदान की गई तथा वे कहां-कहां जाना चाहते थे;

(ख) गत दो वर्षों के दौरान कितने भारतीय तीर्थ-यात्राओं पर विदेश गए; वे कहां-कहां गए तथा उन में से कितने व्यक्ति सरकारी कर्मचारी तथा मंत्री थे; और

(ग) भारतीयों द्वारा विदेश की ऐसी यात्राओं के संबंध में सरकार की नीति क्या है ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एडुवर्डो फेलेरियो) : (क) विदेश स्थित भारतीय मिशनों में भारत यात्रा के लिए वीजा हेतु आवेदन करते समय विदेशी नागरिक आमतौर पर यह बताते हैं कि उनकी यात्रा का प्रयोजन पर्यटन है । वे भारत के उन तीर्थ स्थानों का नाम नहीं बताते जिनकी वे यात्रा करना चाहते हैं। अतः विदेशी यात्रियों की संख्या और उन तीर्थ स्थानों के नाम, जिनकी उन्होंने यात्रा की है, के बारे में कोई अलग से आंकड़े नहीं रखे जाते हैं ।

(ख) और (ग) जिन भारतीय राष्ट्रिकों के पास वैध पासपोर्ट और वीजा होता है वे विदेश स्थित तीर्थ स्थानों की यात्रा कर सकते हैं । जो भारतीय राष्ट्रिक, जिनमें मंत्री भी शामिल हैं, विदेश स्थित तीर्थ स्थानों की यात्रा करते हैं, उनके सम्बन्ध में अलग से कोई आंकड़े नहीं रखे जाते हैं । तथापि सरकार सऊदी अरब, चीन, और पाकिस्तान के तीर्थ स्थानों के लिए इन देशों की अपेक्षाओं के अनुसार सामूहिक तीर्थ यात्रा दल बनाने में भारतीय नागरिकों को आवश्यक सहायता देती है । वर्ष 1985 और 1986 के दौरान इन तीन देशों की यात्रा पर गये यात्रियों की संख्या और उन्होंने जन स्थानों की यात्रा की उनके नाम वर्ष में दिये गये हैं ।

विवरण

देश का नाम	भारतीय तीर्थ यात्रियों की संख्या		उन स्थानों के नाम जिनकी भारतीय तीर्थ यात्रियों ने यात्रा की
	1985	1986	
(i) सउदी अरब	21997	24500	हज यात्रा
(ii) चीन	173	174	कैलाश मानसरोवर
(iii) पाकिस्तान	4386	6755	1. श्री ननकाना साहिब; 2. गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब; हसनाबाद; 3. महाराजा रणजीत सिंह की समाधि लाहौर; 4. गुरुद्वारा श्री डेरा साहिब; 5. गुरुद्वारा जन्म स्थान, लाहौर; 6. गुरुद्वारा दीवान-खाना, लाहौर; 7. गु द्वारा शहीद गंज सिंघानिया लाहौर; 8. गुरुद्वारा भाई तारा सिंह, लाहौर; 9. छठे गुरु का गुरुद्वारा, मोजंरा, लाहौर; 10. श्री गुरुराम दास का जन्म स्थान, लाहौर; 11. गुरुद्वारा छेवीं पदशाही, मंजंरा, लाहौर; 12. कटासराज स्थित हिन्दु मंदिर; 13. हयातपीताफो स्थित हिन्दु मंदिर ।

हैदराबाद हाउस, नई दिल्ली

2703. **श्री रशीद मसूद :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली स्थित हैदराबाद हाऊस का सरकारी अतिथि गृह के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस अतिथि गृह के रख-रखाव पर प्रति वर्ष कितनी राशि खर्च की जा रही है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इस अतिथि गृह के रख-रखाव पर वर्षवार कितनी-कितनी राशि खर्च की गई ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० नटवर सिंह) : (क) हैदराबाद हाउस को सरकारी गैस्ट हाउस में नहीं बदला गया है । इसका उपयोग अति विशिष्ट व्यक्तियों के सम्मान में आयोजित किये जाने वाले समारोहों और स्वागत समारोहों के लिए किया जाता है ।

(ख) हैदराबाद हाउस के रख-रखाव पर प्रति वर्ष लगभग 6.10 लाख रुपये खर्च किये जाते हैं ।

(ग) हैदराबाद हाउस के रख-रखाव पर किये गये व्यय के उपलब्ध अद्यतन आंकड़े इस प्रकार हैं :—

	लाख पये में
1983–84	6.78
1984–85	5.05
1985–86	6.40

2704. *[Transferred to the 27th August,* 1987]

Forest cover In UP.

2705. SHRI KESHAVPRASAD SHUKLA: Will the Minister of